प्रेस नोट

थाना सदर बाजार, झाँसी

दिनांक 07.09.2025

- थाना सदर बाजार एवं स्वाट, सर्वेलन्स की संयुक्त कार्यवाही।
- सेवानिवृत फौजी के साथ मारपीट करने वाला हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में चेकिंग के दौरान आज दिनांक 07.09.2025 को थाना सदर बाजार एवं स्वाट , सर्वेलन्स की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हिस्ट्रीशीटर/वांछित अभियुक्त फिरोज उर्फ जंगी पुत्र मटरू खाँन उम्र करीब-55 वर्ष तथा अभियुक्त आशिक पुत्र फिरोज उम्र करीब-22 वर्ष निवासीगण भट्टागाँव थाना सदर बाजार, जनपद झाँसी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त फिरोज उपरोक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया है जिसे जीवन रक्षार्थ उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस की बरामदगी की गयी है। अभियुक्त फिरोज थाना सदर बाजार का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरूद्ध गंभीर धाराओं में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दिनांक 09.08.2025 को अभियुक्त फिरोज ने अपने पुत्र आशिक के साथ मिलकर वीरभूषण सिंह (रिटायर्ड फौजी) पुत्र हरिभान सिंह निवासी सैनिक कालौनी थाना सदर बाजार के साथ मारपीट की थी, जिससे वह घायल हो गया था। उक्त घटना के सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1.फिरोज उर्फ जंगी पुत्र मटरू खाँन उम्र करीब-50 वर्ष निवासी भट्टागाँव थाना सदर बाजार, जनपद झाँसी।
2. आशिक पुत्र फिरोज उम्र करीब-22 वर्ष निवासी भट्टागाँव थाना सदर बाजार, जनपद झाँसी।
बरामदगी – एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा व 02 खोखा कारतूस।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. थाना प्रभारी सदर बाजार मय पुलिस टीम।
2. प्रभारी स्वाट मय टीम